दिनांक : 08.02.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

<u>परीक्षा पे चर्चा</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस फरवरी को देशभर के छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर रायसेन में तैयारियां जारी है। रायसेन के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। अपने इस लोकप्रिय कार्यक्रम के जरिए पीएम जहां छात्रों के परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को कम करने का प्रयास करते हैं। वहीं उन्हें परीक्षा को लेकर जरूरी टिप्स देंगे।

<u>स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" अभियान</u>

सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सहकारिता विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा।

<u>महाकुंभ</u>

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज प्रयागराज में हैं। वे महाकुंभ में स्नान के अलावा मध्यप्रदेश पवेलियन जाएंगे और विक्रमादित्य नाट्य कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आकर संतों का सानिध्य पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

<u>आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना</u>

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना प्रारंभ की है। योजना के अंतर्गत महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, माटीकला, सोलर एनर्जी, परिधान निर्माण, बाँस कला इत्यादि क्षेत्रों में रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रारंभ किये गये हैं। शाजापुर जिले में कौशल विकास के लिये राज्य स्तरीय उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की गयी है। कौशल केन्द्रों के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स तैयार किये जा रहे हैं।

दिल्ली चुनाव मतगणना

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में सभी 70 सीटों के रूझान प्राप्त हो गए हैं। रूझानों में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलता नजर आ रहा है। उसके उम्मीदवार 47 सीटों पर आगे हैं। आम आदमी पार्टी ने 23 सीटों पर बढ़त प्राप्त की है।

प्रमुख उम्मीदवारों में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया चुनाव हार गये है। जबकि कालकाजी सीट पर आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव जीत गई हैं।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर सर्दी का असर तेज हो गया है। पश्चिम–उत्तर भारत आ रही सर्द हवाओं की वजह से प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। इससे दिन और रात के पारे में 5 डिग्री तक की गिरावट हुई है।

समाचार संक्षेप में .....

- शहडोल जिले के देवलोंद में एक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये हैं।
- आगरमालवा जिले के नलखेडा में आयोजित हुए युवा संगम कार्यक्रम में 150 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया।
- सतना में जन अभियान परिषद के अधिकारियों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कल हुआ।

.....................................